दिन–शुक्रवार दिनांक– 27 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पटना, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज और गोपालगंज में भारी बारिश को लेकर जारी किया अलर्ट।

02. भागलपुर के पीरपैंती में पानी के दबाव से पुल टूटा, आवागमन बाधित। गोपालगंज में तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग के कर्मियों की छुट्टिया तीस सितम्बर तक रद्द।

03. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा राज्य के एक दिन के दौरे पर कल पटना आ रहे हैं। श्री नड्डा पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे।

04. और, आज विश्व पर्यटन दिवस है। इस वर्ष का विषय है– पर्यटन और शांति।

————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णियां, अररिया और किशनगंज में बहुत भारी वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अररिया के फारबिसगंज में सबसे अधिक तीन सौ चालीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। वहीं, जिले के जोकिहाट में तीन सौ छह दशमलव चार, पलासी में दो सौ अस्सी दशमलव आठ, किशनगंज में दो सौ अट्ठाईस दशमलव चार और पूर्णियां के डगरूवा में दो सौ तीन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण के कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सीतामढ़ी, सीवान, मधेपुरा, पूर्णियां और मुजफ्फरपुर जिले में भी भारी वर्षा का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, पटना, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी रूक–रूक कर बारिश हो रही है।

————————————————————

जल संसाधन विभाग ने कोसी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही अत्यंत भारी बारिश को लेकर कोसी बराज से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सुपौल और आस पास के क्षेत्रों में नदी किनारे और तटबंधों के पास

रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा है। जिला प्रशासन को भी स्थिति पर नजर रखने को कहा गया है।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश की सम्भावना को देखते हुये राज्य में भी चौकसी बढ़ा दी गयी है। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि नेपाल के देवघाट से पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना पर गंडक बराज नियंत्रण कक्ष में विशेष सतर्कता बरती जार ही है।

———बाईट———

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही भारी वर्षा से गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। फिलहाल गंडक नदी में 1 लाख 10 हज़ार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हो रहा है जो बढ़कर 3 लाख क्यूसेक से अधिक होने की संभावना है। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय औऱ गंडक बराज के अधीक्षण अभियंता नवल किशोर भारती ने जल संसाधन विभाग की टीम क़ो आगामी 24 घंटे बांध की सतत निगरानी के निर्देश दिये हैं। प्रशासन ने निचले इलाके के लोगों क़ो ऊँचे और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार....

कटिहार में महानंदा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। वहीं, कोसी और कारी नदी का जलस्तर घट रहा है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि जिले के चार प्रखंडों के लगभग एक लाख चालीस हजार से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित है। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में सामुदायिक रसोई घर चलायी जा रही है। भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि पानी के दबाव से पीरपैंती में पुल के टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया है।

———बाईट———

गंगा नदी के जलस्तर में कमी के कारण शहरी क्षेत्रों में पानी का दबाव घटा है। टीएमबीयू के प्रशासनिक भवन और कुलपति आवास में भी पानी कम हुआ है। हालांकि पीरपैती, कहलगांव, गौराडीह, सबौर, नाथनगर, शाहकुंड और सुल्तानगंज की दर्जनों पंचायत के सैकड़ो गांव अभी भी बाढ़ के पानी से घिरे हैं। इधर, पानी के तेज बहाव से पीरपैंती प्रखंड के बाबूपुर बाखरपुर पूर्वी पंचायत में निर्मित एक पुल टूट गया है। पुल टूटने से पांच पंचायतों की एक लाख की आबादी का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क भंग हो गया है। प्रशासन की ओर से आवागमन को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया है कि तटबंधों की सुरक्षा को लेकर जल संसाधन विभाग के सभी कर्मियों की छुट्टियां तीस सितम्बर तक रद्द कर दी गयी हैं।

———बाईट———

बाल्मीकि नगर बराज से 5 लाख 21 हजार क्यूसेक छोड़े जाने की संभावना को देखते हुए जिला पदाधिकारी मो मकसूद आलम के निर्देश पर उप विकास आयुक्त कुमार निशांत विवेक ने संबंधित अधिकारियों को

तटबंधों की सुरक्षा एवं सभी आवश्यक तैयारियां के लेकर निर्देश जारी किए हैं। अत्यधिक बारिश और जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए पुल–पुलियों पर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता तटबंधों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश कुमार तिवारी।

————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल बिहार के एक दिन के दौरे पर आ रहे हैं। श्री नड्डा पटना स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में सांसदों, विधायकों और पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। भाजपा अध्यक्ष राज्य में चल रहे पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा भी करेंगे। दोपहर में आयोजित एक कार्यक्रम में वे ओलिंपिक में भाग लेने वाले दिव्यांग खिलाड़ी को सम्मनित करेंग।

————————————————————

बिहार के युवकों के साथ पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में मारपीट करने के आरोप में बंगाल पुलिस ने बांग्ला पक्खो नामक कट्टरपंथी संगठन के सदस्य रजत भट्टाचार्य और गिरधारी रॉव को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पुलिस महानिदेशक आलोक राज को पूरे मामले पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। इधर, लोजपा, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में एक बार फिर बिहारियों का अपमान हुआ है, जिसे बर्दास्त नहीं किया जा सकता।

———बाईट———

वहीं, जदयू नेता नीरज कुमार ने कहा कि क्षेत्रीय भावनाएं भरकाने वाले उपद्रवियों पर पश्चिम बंगाल सरकार को गम्भीरता से कार्रवाई करनी चाहिए।

———बाईट———

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनतीस सितम्बर रविवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में नॉन–अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज–एनएएफएलडी पर सभी चिकित्सा अधिकारियों के लिए संशोधित परिचालनगत दिशा–निर्देश और प्रशिक्षण नियमावली जारी किये। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सचिव अपूर्व चंद्र ने कहा कि ये दिशा–निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल एनएएफएलडी से पीडित व्यक्ति की पहचान करने में निर्णायक हो सकते हैं। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज–आईएलबीएस के निदेशक और कुलपति डॉक्टर एस के सरीन ने बताया कि मोटापा फैटी लिवर रोग होने के सामान्य कारणों में से एक है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

आज विश्व पर्यटन दिवस है। लोगों को एक दूसरे से जोड़े रखने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन की भूमिका को दर्शाने के उद्देश्य से हर साल सत्ताईस सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस साल का विषय है– पर्यटन और शांति। प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले वर्ष लगभग साढ़े पांच लाख विदेशी पर्यटक बिहार आये हैं। वहीं, इस वर्ष जुलाई तक के आंकड़ों के अनुसार दो लाख सड़सठ हजार से अधिक पर्यटकों का बिहार आगमन हो चुका है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि छोटे स्तर पर नये पर्यटन स्थलों की पहचान के लिए मेरा प्रखंड मेरा गौरव अभियान दो अक्तूबर को शुरु किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसमें प्रतियोगिता के माध्यम से आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी और सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रदेशवासियों से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल होने की अपील की है। राजभवन में इस अभियान की शुरूआत करते हुए श्री आर्लेकर ने कहा कि अपने घर और आस–पास को स्वच्छ रखकर ही हम स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत के संकल्प को पूरा कर सकते हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रेलवे की ओर से आगामी त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए एक सौ आठ ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या बढ़ाई गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस की जानकारी देते हुए बताया कि छठ पूजा और दिवाली स्पेशल ट्रेनों के लिए बारह हजार पांच सौ कोच मंजूर किए गए हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि वित्त वर्ष दो हजार

चौबीस–पच्चीस में अभी तक पांच हजार नौ सौ पचहत्तर ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे एक करोड़ से अधिक यात्रियों को पूजा की भीड़ के दौरान घर जाने की सुविधा मिलेगी।

———————————————————————

दुर्गा पूजा के अवसर पर राज्य में विधि–व्यवस्था और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के लिए बिहार पुलिस के सभी कर्मियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर जारी सूचना के अनुसार पांच अक्टूबर से सोलह अक्टूबर तक विशेष परिस्थिति को छोड़कर पुलिस कर्मियों के सभी प्रकार के अवकाश को रद्द कर दिया गया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. पटना, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज और गोपालगंज में भारी बारिश को लेकर जारी किया अलर्ट।

02. भागलपुर के पीरपैंती में पानी के दबाव से पुल टूटा, आवागमन बाधित। गोपालगंज में तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग के कर्मियों की छुट्टिया तीस सितम्बर तक रद्द।

03. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा राज्य के एक दिन के दौरे पर कल पटना आ रहे हैं। श्री नड्डा पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे।

04. और, आज विश्व पर्यटन दिवस है। इस वर्ष का विषय है– पर्यटन और शांति।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।